राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

रामलीला मैदान से हनुमान जी की शोभायात्रा निकली

राज्यपाल श्री मिश्र ने पूजा–अर्चना कर शोभायात्रा का किया शुभारंभ

जयपुर, 24 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने हनुमान जयंती के दूसरे दिन रामलीला मैदान से स्वर्ण मंडित हनुमानजी के मुख्य रथ की शोभायात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने संत–महंतों की उपस्थिति में मुख्य रथ पर विराजमान हनुमान जी की आरती उतारकर विधिवत पूजा–अर्चना की।

राज्यपाल ने शोभायात्रा का पूजा कर शुभारंभ करते हुए हनुमान जी से प्रदेशवासियों की खुशहाली और संपन्नता की कामना की। रामलीला मैदान से प्रारंभ हुई हनुमान जी की शोभायात्रा में चालीस के करीब आकर्षक झांकियां निकाली गई है।

————————